राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह जयपुर में
## राज्यपाल श्री कलराज मिश्र राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में प्रातः 09.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। इससे पहले प्रातः 09.00 बजे राजभवन में भी राज्यपाल श्री मिश्र झण्डा फहरायेंगे। स्टेडियम में जाने से पहले राज्यपाल श्री मिश्र अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि देंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र बुधवार को राजभवन में संविधान पार्क के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी करेंगे।

———

## राज्यपाल के संदेश का प्रसारण गणतन्त्र दिवस पर प्रातः 08.30 बजे

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गणतंत्र दिवस पर बुधवार 26 जनवरी को दूरदर्शन पर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का प्रदेशवासियों के लिए संदेश का प्रसारण डी.डी. राजस्थान से बुधवार 26 जनवरी को प्रातः 08.30 बजे होगा। आकाशवाणी के राजस्थान स्थित सभी केन्द्रों से राज्यपाल श्री मिश्र के संदेश का प्रसारण प्रातः 09.10 बजे होगा।

——